भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4160

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

एन॰एच॰-6 की सर्विस रोड पर यातायात जाम

4160. श्री रमेशभाई एल.धडुकः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि सूरत-हाज़ीरा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-6 के खंड पर एनटीपीसी, एच॰ए॰ई॰पी॰ और कृभिको टाउनशिप के सामने सर्विस रोड पर ट्रकों को खड़ा किया जाता है जिससे यातायात जाम होता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार/एन॰एच॰ए॰आई॰ का इन मुद्दों के समाधान हेतु स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय कर कदम उठाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): जी, हां। सूरत-हाजीरा खंड पर सर्विस रोड़ और मुख्य कैरिजवे पर अनधिकृत पार्किंग की शिकायत दर्ज की गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अनधिकृत पार्किंग को हटाने के लिए समय-समय पर स्थानीय पुलिस से संपर्क किया है।

*****